# झारखंड में पोषण माह अभियान

## चर्चा में क्यों?

झारखंड में **8वें पोषण माह 2025** का शुभारंभ किया गया, जिसमें **तेल और चीनी के सेवन** कम करने तथा मातृ एवं शिशु पोषण में सुधार के लिये "**पाँच सूत्र- स्वर्णिम 1000 दिन**" पहल को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया।

## मुख्य बिंदु

- **अभियान के बारे में:**
  - यह पहल पूरे राज्य में **मातृ एवं शिशु पोषण सुधार** के लिये चलाए जा रहे पोषण अभियान का हिस्सा है।
  - कुपोषण से निपटने के उद्देश्य से इस अभियान का उद्देश्य **अस्वास्थ्यकर तेल और चीनी के अत्यधिक सेवन** को भी कम करना है।
- **तेल और चीनी के सेवन में कमी:**
  - शुभारंभ के अवसर पर पोस्टर सामग्री का अनावरण किया गया, जिसमें दैनिक आहार में तेल और चीनी के कम सेवन करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया।
    - ये **पोस्टर** राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों (AWCs) में वितरित किये जाएंगे, ताकि प्रभावी प्रसार सुनिश्चित हो सके।
- **पाँच सूत्र- स्वर्णिम 1000 दिन पहल:**
  - यह पहल बच्चे के जीवन के **महत्त्वपूर्ण 1000 दिनों (गर्भावस्था से दूसरे जन्मदिन तक)** में **स्वस्थ आहार** को बढ़ावा देकर **मातृ एवं बाल पोषण सुधार** की दिशा में एक **महत्त्वपूर्ण कदम** है।
  - इस पहल में जिन पाँच प्रमुख **पोषण प्रक्रियाओं** पर ज़ोर दिया गया है, वे **समुदायों** को अपनी **आहार संबंधी आदतों** में सुधार के लिये मार्गदर्शन करेंगी, जिससे बच्चों का **इष्टतम विकास** सुनिश्चित हो सके।

## पोषण अभियान

- **परिचय:**
  - **पोषण अभियान** की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 8 मार्च 2018 को **राजस्थान के झुंझुनू ज़िला** में की गई थी।
  - इस अभियान के तहत **किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं** और **0 से 6 वर्ष तक के बच्चों** की **पोषण स्थिति** पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।
- **उद्देश्य:**
  - बच्चों (0-6 वर्ष) में **बौनेपन** को रोकना और कम करना
  - बच्चों (0-6 वर्ष) में **कुपोषण (कम वज़न की व्यापकता)** को रोकना और कम करना
  - छोटे बच्चों (6-59 महीने) में एनीमिया की व्यापकता को कम करना
  - 15-49 वर्ष आयु वर्ग की **महिलाओं और किशोरियों** में **एनीमिया** की व्यापकता को कम करना
  - **कम जन्म वज़न (LBW)** को कम करना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poshan-maah-campaign-in-jharkhand